# उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा टोंक बस स्टैंड पर पहुंचे, गंदगी देख नाराजगी जताई

## उपमुख्यमंत्री सवाईमाधोपुर डिपो की बस में चढ़ गए और परिचालक से सवारियों के बारे में पूछा

**टोंक,** (निसं)। रोडवेज बस स्टैण्ड पर शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा आये और रोडवेज बस कंडक्टर से से पूछा कि बस में कितनी सवारियां हैं, इस पर कंडक्टर उन्हें हैरानी से देखने लगा। बाद में वहां मौजूद लोगों ने कहा यह उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा है, यह सुनते ही कंडक्टर ने तुरंत प्रेमचंद बैरवा के पैर पकड़ लिये।

जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री बैरवा बांसवाड़ा से जयपुर आ रहे थे, तभी अचानक टोंक रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचे और पास में ही खड़ी सवाईमाधोपुर डिपो की बस में चढ़ गए। इस दौरान परिचालक से सवारियों के बारे में पूछा तो कंडक्टर शिवदास मीणा उनको देखने लगे बाद जानकारी मिलने पर परिचालक ने पैर पकड़ लिये तथा शालीनता से जवाब दिया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री बैरवा ने बस स्टैंड पर गंदगी देखकर प्रबंधक को बुलाया और फटकार लगाई। बाद में खुद उन्होंने झाड़ू उठाई और सफाई शुरू कर दी। इस पर उन्होंने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। वहीं लोगों की समस्या सुनकर बंद पड़े बुकिंग



उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बस स्टैंड पर गंदगी देखकर झाड़ू उठाई और सफाई शुरू कर दी।

विंडो को चालू करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान डिपो मैनेजर पवन मीणा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा अचानक निरीक्षण करने पहुंचे थे। सफाई व्यवस्था और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं, फिलहाल विंडो स्टाफ की कमी से बंद है, जल्द ही मुख्यालय को स्टाफ बढ़ाने के लिए पत्र लिखा जाएगा, बाद में स्टाफ बढ़ने पर बुकिंग विंडो शुरू कर दी जाएगी।

इसी दौरान बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं को सूचना मिलने पर

- **जानकारी मिलने पर परिचालक ने उपमुख्यमंत्री के पैर पकड़ लिये तथा शालीनता से जवाब दिया**

जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान व अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रोडवेज बस स्टैंड पहुंचकर उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने जयपुर जाते समय पॉलिटेक्निक कॉलेज का भी निरीक्षण किया। स्टूडेंट्स ने कॉलेज के पास रोडवेज बसें नहीं रुकने की बात कही।

मौके पर उपमुख्यमंत्री बैरवा ने तुरंत अधिकारियों को पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास रोडवेज बसों के स्टापेज बनाने के निर्देश दिए। कुछ समय बाद ही इसके आदेश भी जयपुर मुख्यालय से जारी कर दिए गए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमने रोडवेज बसों का 40 किलोमीटर से दायरा बढ़ाकर 400 किलोमीटर किया है, जहां भी कुछ कमियां है, उनमें सुधार करके आम आदमी को राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

# नवजात को जंगल में फेंकने की वारदात का पर्दाफाश

## वारदात में शामिल कुंवारी युवती और उसके पिता को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**माण्डलगढ़,** (निसं)। माण्डलगढ़ थाना पुलिस ने 10 दिन के नवजात शिशु को मरने के लिए जंगल में फेंकने वाली कुंवारी निर्दयी मां और इसके पिता को पुलिस ने वारदात के 48 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। बाप और बेटी ने मिलकर अवैध जन्मे दोहिते को मौत के मुंह में धकेल कर धर्मशाला में जाकर सो गए। वहीं घटना के वक्त दोहिते को मौत के आग़ोश में जाते देख निर्दयी युवती की मां का कलेजा कांप रहा था। आखिरकार नवजात शिशु को भगवान ने नई जिंदगी दे डाली, और वारदात करने वालों को सलाखों के पीछे धकेल दिया।

मांडलगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 23 सितम्बर को खेराड इलाके के सीता का कुंड के जंगल मे पत्थरों के ढेर में दबे एक नवजात शिशु को मांडलगढ़ पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर कुमाता की तलाश शुरू की। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक रामलाल मीना और इनकी टीम ने स्थानीय मुखबिरी, अस्पतालों की डिटेल के आधार पर अनुसन्धान कर वारदात में शामिल पिता और उसकी 21 साल की कुंवारी बेटी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस पिता और पुत्री से वारदात को अंजाम देने के बारे में कड़ी पूछताछ कर रही हैं।

- **बाप और बेटी ने मिलकर नवजात शिशु के मुंह में फेविक्विक लगाकर पत्थर डाला और बड़े-बड़े पत्थरों के ढेर में दबाकर फरार हो गए थे**

मिली जानकारी के मुताबिक युवती के किसी से अवैध सम्बन्ध होने के दौरान वह गर्भवती हो गई, जिसका युवती के माता पिता को 6 माह बाद पता चला। बदनामी के डर से युवती को लेकर उसके माता पिता बूंदी जिले के एक गांव में आकर रहने लगे। युवती को बीते 14 सितम्बर को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन गर्भवती युवती को अस्पताल में ले गए, जहां युवती के कथित पति रामलाल का फर्जी नाम दर्ज करा कर प्रसव कराया गया, जहां उसने बच्चे को जन्म दिया। 15 सितम्बर को परिजन युवती को अपने घर ले आए। समाज और गांव में बदनामी को छुपाने के लिए युवती के पिता ने नवजात शिशु को मौत के मुँह में धकलने की योजना बनाई और 23 सितम्बर को दोपहर में युवती, उसकी माता और पिता बस में बैठ कर सीता का कुंड महादेव पर पहुंचे, जहां सड़क से दूर जंगल में नवजात शिशु के मुँह में फेविक्विक लगाकर पत्थर डाला और बड़े-बड़े पत्थरों के ढेर में दबाकर फरार हो गए। इस वारदात के दौरान आरोपी कुंवारी युवती की मां ने उसके पति और बेटी को दोहिते को जंगल में फैंकने के लिये रो-रो कर मना किया था, लेकिन उसकी बात नहीं मानी। वारदात के बाद सीता का कुंड से तीनों बस में बैठ कर तिलस्वां महादेव चले गए और वहां एक धर्मशाला में ठहर गए थे, पुलिस की गठित टीम ने मध्यप्रदेश और वारदात स्थल के आसपास मुखबिरी के आधार पर आरोपियों की तलाश कर जल्द गिरफ्तार किया है।

कुंवारी लड़की के जन्मे 20 दिन के शिशु के मुँह में फेविक्विक डालने और गर्म पत्थरों के बीच जमीन पर पड़े रहने से उसके शरीर में इंफेक्शन बढ़ गया। नवजात शिशु का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा हैं, वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में शिशु को रखा गया है। वहीं नवजात को गोद लेने वाले दम्पती आगे आ रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने कुमाता और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है, कुंवारी युवती के किस्से अवैध सम्बन्ध थे जिसकी जांच की जा रही हैं। वहीं नवजात बच्चे और उसकी निर्दयी मां का डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा।

# सायबर फ्रॉड में लिप्त बैंक खाते का खाताधारक गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने सायबर फ्रॉड में लिप्त बैंक खाते के खाताधारक को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों की घटनाओं को देखते हुए साइबर थाना एवं प्रत्येक थाना स्तर पर सायबर हेल्प डेस्क टीम का गठन किया जाकर टीम को सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु साइबर ठगों व बैंक खातों की खरीद-फरोख्त करने वाले व्यक्तियों की धरपकड़ के लिये निर्देशित किया गया है।

शहर एसपी ने कहा कि सायबर अपराधों में लिप्त बैंक खातों के खाता धारको एवं फर्जी सिम विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही हेतु अभियान चलाये जा रहे हैं। शहर एसपी ने बताया कि इसी क्रम में पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने साइबर अपराधों के उपयोग में लिये गये बैंक खातों का रिकॉर्ड प्राप्त किया, जिसमें खाताधारक नासिर खान के विरूद्ध गुजरात व हरियाणा में तीन साइबर शिकायतें दर्ज होना पाया गया। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने मामले में कार्यवाही करते हुए रामचन्द्रपुरा छावनी निवासी नासिर खान को डिटेन कर पूछताछ की तो खाता धारक द्वारा खाता स्वयं का होना बताकर जोश आक्रोश में आ गया, जिस पर खाताधारक नासिर खान को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर पाबंद कराया गया। शहर एसपी ने कहा कि यदि खाता धारक को गिरफ्तार नहीं किया जाता तो वह अवश्य किसी सायबर घटना को अंजाम दे सकता था। शहर एसपी ने कहा कि मामले में खाताधारक के खाते का पूर्ण रिकॉर्ड प्राप्त कर कार्रवाई जारी है।

# नकबजनी का आरोपी पकड़ा

**बूंदी,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने रजतगृह कॉलोनी में हुई नकबजनी का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी प्रदीप बैरागी को गिरफ्तार कर चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया है। अनिता मीणा, निवासी रजतगृह गेट नंबर 6, बूंदी ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे 6 अगस्त को रात करीब 8 बजे अपने मकान पर ताला लगाकर गांव चली गई थी। उनके मकान में 8 जून की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक हाथ घड़ी , गुल्लक से लगभग 3 हजार रुपए, अलमारी में रखे 10 हजार रुपए नकद चुराए। इसके अतिरिक्त, चांदी की तीन चुटकी, चांदी की दो जोड़ी पायल, सोने की एक बाली, एक नाक का कांटा, एक कैमरा और सोनाटा व टाइटन कंपनी की दो हाथ की घड़ियां भी चोरी हुई थी।

# प्रदेश में नवीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 3.70 लाख छात्राओं को साइकिल का इंतजार

## साइकिल नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं तीन माह से पैदल ही स्कूल जा रही है

**बीकानेर,** (निसं)। नया शिक्षा सत्र शुरू हुए तीन माह पूरे होने वाले हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों की नवी कक्षा में दाखिला लेने वाली छात्राओं को अभी तक निशुल्क साइकिल नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी साइकिल वितरण में विलंब हो रहा है। शिक्षा विभाग ने साइकिलों की खरीदने के लिए सितंबर माह में टेंडर प्रक्रिया शुरू की है। अक्टूबर में वर्क आर्डर जारी होने की संभावना है। इसके बाद सप्लाई में तीन माह का वक्त और लगेगा। ऐसे में दिसंबर

- **पिछली बार की तरह इस बार भी साइकिल वितरण में विलंब हो रहा है**
- **शिक्षा विभाग ने साइकिलों की खरीदने के लिए सितंबर माह में टेंडर प्रक्रिया शुरू की है**

से पहले साइकिलों के पार्ट्स जिलों में पहुंचना संभव नहीं हो पाएगा।

इंस्टालेशन में दो माह का समय लगेगा। इसके बाद वितरण की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं 12 दिसंबर से 24 दिसंबर तक होगी। पिछले साल भी 9वीं कक्षाओं की छात्राओं को दिसंबर-जनवरी माह में साइकिलों का वितरण शुरू किया गया था। कमोबेश यही स्थिति इस शिक्षा सत्र में बन रही है। साइकिल नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं पिछले तीन माह से पैदल ही स्कूल जा रही है।

उधर, अभिभावक और शिक्षक नेता का कहना है कि राज्य सरकार की योजना अच्छी है लेकिन समय पर साइकिल नहीं मिलने से छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। शिक्षा निदेशालय ने जिलेवार निशुल्क साइकिल के लिए पात्र छात्राओं की संख्या मांग ली है। बीकानेर जिले में शिक्षा सत्र 2025-26 में 9वीं कक्षा में अध्यनरत 11586 छात्रों को निशुल्क साइकिल का वितरण किया जाएगा, जबकि पिछले साल जिले में 12081 छात्राओं को निशुल्क साइकिल का वितरित की गई थी।

# अतिक्रमणकारियों ने बुजुर्ग महिला का अन्तिम संस्कार रोका

## प्रदर्शन के बाद पुलिस की समझाइश पर महिला का दाह संस्कार हुआ

**टोंक,** (निसं)। घाड़ थाना क्षेत्र के भंवरकोल गांव में अतिक्रमण के चलते 70 साल की बुजुर्ग महिला का शव छह घंटे तक अंतिम संस्कार बिना पड़ा रहा तथा मृतक के बेटे ने शव के रास्ते में आने वाले अतिक्रमण के खेत की मेढ़ को हटाने का प्रयास किया तो किसान मालिक भड़क गया और थप्पड़ मार दी। बाद में सूचना पहुंचे तहसीलदार ने मामला शांत करवाया तथा बाद में बुजुर्ग का अंतिम संस्कार किया गया।

घाड थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर पंहुचे टोंक तहसीलदार मानवेंद्र सिंह जायसवाल, देवली डीएसपी रामसिंह व अन्य पुलिस दल ने अतिक्रमण हटवाकर अंतिम संस्कार करवाया। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नियमानुसार

- **मृतका के बेटे ने रिपोर्ट देकर अतिक्रमियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**

कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि भंवरकोल निवासी भूरी देवी बैरवा (70) की गुरूवार को मौत हो जाने के बाद परिजन जब उसके अंतिम संस्कार हेतु ट्रैक्टर में लकड़ियां भरकर शमशान घाट पहुंचे तो वहां पर शमशान के रास्ते में और श्मशान में कुछ लोग तारबंदी कर रखी थी। उसे परिजनों द्वारा हटाया जा रहा था, तभी लोडक्या गुर्जर मौके पर आकर परिजनों को शमशान घाट पर जलाने से मना कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए देवलाल बैरवा के थप्पड़ मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही समाज के लोगों में आक्रोश का माहौल हो गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण शव को शमशान के रास्ते में ले गए और शव को रखकर प्रदर्शन करने लगे। जिसकी सूचना मिलने पर घाड़ थाना प्रभारी हरिराम वर्मा मय जाब्ता मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया तथा बाद में मौके पर देवली डीएसपी व टोंक तहसीलदार ने पहुंचकर परिजनों को समझाते हुए शमशान भूमि पर जेसीबी मशीन से ढोलबन्दी कर शव का अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान मृतका के बेटे देवलाल बैरवा की ओर से थानेदार को दी गई रिपोर्ट देकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

# निजी कृषि भूमि पर अतिक्रमण कर पीएम आवास योजना के तहत बनाया मकान

## खातेदारों ने एसडीएम व विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की

**छबड़ा,** (निसं)। कस्बे में निजी व्यक्तियों के खातेदारी की कृषि भूमि पर अतिक्रमण कर पीएम आवास बनाए जाने का मामला सामने आया है। खातेदारों ने एसडीएम व विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की नियमानुसार जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने व अतिक्रमियों को भूमि से बेदखल किए जाने की मांग की।

खातेदार जगदीश ऐरवाल व ललित कुमार वर्मा ने एसडीएम व विकास अधिकारी को दिए ज्ञापन में

- **उक्त भूमि का प्रकरण भी न्यायालय में विचाराधीन हैं, बावजूद इसके ग्रामसेवक ने किश्तें जारी कर दी**

बताया कि उनके व अन्य खातेदारों की शांमलाती भूमि खाता संख्या 113 की खसरा नम्बर 24/1117 रकबा 0.9485 हेक्टेयर चांचौड़ा में स्थित हैं। उक्त खातेदारी की भूमि पर रमेश धाकड़ पुत्र देवलाल निवासी चांचौड़ा ने अतिक्रमण कर पीएम आवास योजना का लाभ लेते हुए मकान का निर्माण कर लिया। वहीं, उक्त अतिक्रमणसुदा भूमि पर ग्रामसेवक ने नियम विरूद्ध किश्तें भी जारी कर दी। जब उन्होंने अतिक्रमी रमेश से मकान बनाने के लिए मना किया तो वह लड़ाई-झगड़ा करने पर अमादा हुआ। उक्त भूमि का प्रकरण भी न्यायालय में विचाराधीन हैं। बावजूद इसके ग्राम सेवक ने किश्तें जारी कर दी और रमेश ने अतिक्रमण कर मकान बना लिया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के तहत नियम विरूद्ध तरीके से किश्तें जारी करना मिलीभगत और अतिक्रमियों को बढ़ावा देने की ओर इशारा करता है।

इस मामले में सहायक विकास अधिकारी राजेंद्र मीणा ने बताया कि इस सम्बंध में ग्राम सेवक को पत्र जारी कर मामले की जांच करवाई जाएगी। यदि यह मामला नियम विरूद्ध पाया जाता है तो निर्माणाधीन पीएम आवास रोक लगा दी जाएगी और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक संघ का सम्मेलन शुरू

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन के मुख्य अतिथि ज्वालाप्रसाद झाझड़िया सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, विशिष्ट अतिथि बीरबल सिंह सुंडा प्रधानाचार्य, बजरंग सिंह मूंड प्रदेश प्रतिनिधि थे। हवासिंह बामिल जिलाध्यक्ष ने सभी आगंतुक को एवं अतिथियों का स्वागत किया एवं शिक्षा नीति 2020 पर विचार व्यक्त किये। जिला मंत्री सुशील बुडानिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। चर्चा में विक्रमसिंह बुडानिया, सुभाष झाझड़िया, उम्मेदसिंह ढाका, सुरेंद्र कुमार महला, मूलचंद डूडी, केशर देव, पंकज कुमार, मानवेंद्र जैफ, हर्ष महला, रामावतार, ओमप्रकाश शर्मा, प्रभातीलाल सिरोवा सहित अन्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, पीडी मद का बजट एक मुश्त जारी करन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# भीलवाड़ा की टूटी एवं गड्ढों वाली सड़कों को लेकर स्थाई लोक अदालत सख्त

## जिला कलेक्टर, नगर निगम, यूआईटी, पीडब्ल्यूडी सहित सात को नोटिस जारी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की टूटी-फूटी और गहरे गड्ढों से भरी सड़कों को लेकर पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता श्यामलाल मल्होत्रा के मार्फत दायर परिवाद में स्थाई लोक अदालत भीलवाड़ा के अध्यक्ष शाहबुद्दीन, सदस्य गोरधन सिंह कावड़िया व सदस्या सुमन त्रिवेदी ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला कलेक्टर, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, नगर

- **अधिकारियों को नोटिस जारी कर 13 अक्टूबर को अदालत में उपस्थित होने के आदेश दिए**

विकास न्यास, आरयूआईडीपी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को नोटिस जारी कर 13 अक्टूबर को अदालत में उपस्थित होने के आदेश दिए।

जाजू ने याचिका में बताया कि शहर में सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है।



भीलवाड़ा शहर में कई जगह पर टूटी-फूटी और गहरे गड्ढों से भरी सड़कों से आमजन परेशान हैं।

गहरे गड्ढों और टूटी सड़कों के चलते आमजन को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं, जिससे लोग घायल हो रहे हैं। साथ ही, बरसात में गड्ढों में पानी भरने से मच्छर पनप रहे हैं और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। जाजू ने परिवाद में शहर की सैकड़ों जगहों की तस्वीरें भी न्यायालय में प्रस्तुत कीं। इनमें नगर निगम काइन हाउस चौराहा, कांवाखेड़ा, गंगापुर तिराहा, शास्त्री नगर, काशीपुरी चौराहा, तेजसिंह सर्कल, हरणी महादेव चौराहा, कृषि उपज मंडी रोड, सोनी हॉस्पिटल रोड, कनक पेट्रोल पंप रोड, जेल चौराहा, गर्ल्स कॉलेज चौराहा, हनुमान टेकरी, बड़ला चौराहा, गुरु गोविंद सिंह मार्ग, चामुंडा माता मंदिर रोड, आयकर भवन रोड सहित अनेक स्थान शामिल हैं। जाजू ने परिवाद में बताया कि 6 सितम्बर को नगर निगम आयुक्त, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और जिला कलेक्टर को लिखित में सड़कें ठीक करने का निवेदन भी किया गया, लेकिन लापरवाही बरतते हुए कोई कार्रवाई नहीं की गई।

अधिवक्ता श्यामलाल मल्होत्रा ने बताया कि सड़कें सार्वजनिक उपयोगिता सेवा का हिस्सा हैं और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों को सुगम आवागमन का मौलिक अधिकार है। जाजू ने परिवाद में दीपावली से पहले शहर को पाँच क्षेत्रों में बाँटकर सभी टूटी सड़कों और गहरे गड्ढों की मरम्मत कर गुणवत्तापूर्ण सड़कें बनवाने का आदेश जारी करने का निवेदन किया।


# नेशनल हाइवे पर चलती ईको कार में आग लगी, बाल-बाल बचा परिवार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद नेशनल हाइवे-158 पर हरिपुरा चौकी के पास शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जहां चलती हुई ईको कार अचानक आग की लपटों में घिर गई और जलकर खाक हो गई।

- **कार में सवार परिवार आसींद से भीलवाड़ा की ओर जा रहा था**

गनीमत यह रही कि कार में सवार एक पूरा परिवार सुरक्षित बाहर निकल आया। यह घटना जिवलिया बस स्टैंड के निकट हुई बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कार में सवार परिवार आसींद से भीलवाड़ा की ओर जा रहा था। नेशनल हाइवे-158 पर पहुंचते ही अचानक चलती कार में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों और नेशनल हाइवे की मेंटेनेंस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इस घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन



ईको कार अचानक आग की लपटों में घिर गई और खाक हो गई।

फायर ब्रिगेड की गाड़ी लगभग आधे घंटे की देरी से घटनास्थल पर पहुंची। तब तक गाड़ी पूरी तरह से जलकर नष्ट हो चुकी थी। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। आसींद निवासी दीपक पूरी, उनकी पत्नी सोनू देवी और पुत्र तोनू पूरी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंचकर सूझबूझ से बचाया। अग्निशमन को बुलाया गया तब जाकर आग पर काबू पाया गया।

## गैंगरेप आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**अनूपगढ़,** (कासं)। श्रीगंगानगर जिले रावला थाना क्षेत्र में हुए गैंगरेप मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित परिवार और सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को डीएसपी प्रशांत कौशिक से मुलाकात की।

उन्होंने पुलिस प्रशासन को मंगलवार तक का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी कि यदि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा। यह घटना 12 सितम्बर को हुई थी। प्रतिनिधिमंडल में राजस्थान कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव रामदेवी बावरी, कैप्टन भगवान सिंह कंबोज, सभा के प्रदेशाध्यक्ष बलदेव सिंह खिंडा, नगर मंडल उपाध्यक्ष सुमित सुथार, पूर्व पार्षद रामप्रताप जाट, भाजपा नेता सतपाल सोलंकी और रामचंद्र शामिल थे।

रामदेवी बावरी ने डीएसपी को बताया कि घटना को 15 दिन हो चुके हैं। रावला पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बावजूद मुख्य आरोपी अभी भी फरार है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश है। इस पर डीएसपी प्रशांत कौशिक ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि दूसरे आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन की ढिलाई पर नाराजगी व्यक्त की। रामदेवी बावरी, कैप्टन भगवान सिंह और बलदेव सिंह खिंडा ने कहा कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की तो मंगलवार को सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया जायेगा।

# समाज के निर्माण में भी शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका : सारस्वत

■ राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) का बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ तहसील में अधिवेशन आयोजित

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक का कार्य केवल पाठ्य पुस्तक तक सीमित ना हो कर समाज के निर्माण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक समाज का शिल्पी है जिसका कार्य बालकों को संस्कारित एवं राष्ट्र के लिए समर्पित बालकों का निर्माण करने का गुरूतर दायित्व निभाना है। यह बात मुख्य अतिथि ताराचंद सारस्वत ने शुक्रवार को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ तहसील में आयोजित अधिवेशन में शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही।

प्रथम सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक विनायक कुमार ने कहा कि शिक्षकों के माध्यम से आज जैसे विचारों से संपोषित बालक की पौध होगी वैसा ही फलदार वृक्ष समाज भविष्य में प्राप्त करेगा। शिक्षक के द्वारा बालक के कोमल मन में रोपित संस्कार और विचार भविष्य में कई गुणित हो कर समाज के सम्मुख आते हैं। इसलिए समय समय पर महापुरूषों के स्मरण से उनके अंदर निहित गुणों का आत्मसात करने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार व्यक्तिव निर्माण से समाज और राष्ट्र निर्माण है। विनायक कुमार ने कहा कि कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी और सामाजिक समरसता विषयों पर विचार रखते हुए सकारात्मक सोच के साथ पहल करते हुए कार्य करने का आव्हान शिक्षकों से किया। अध्यक्षता करते हुए भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश आचार्य ने कहा कि शिक्षक ही बालकों को गढ़ने का कार्य करता है। इसलिए शिक्षक का सम्मान होता है। आचार्य ने कहा कि शिक्षण कार्य को अपनाना ही अपने आपमें सम्मान की बात है। क्योंकि राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शिक्षक अपने पुरूषार्थ से सामान्य को बेहतर और बेहतर को बेहतरीन बनाने का सामर्थ्य रखते हैं।

मुख्य वक्ता पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने कहा कि संस्कारों का विकास शिक्षक ही कर सकता है। इसलिए शिक्षक को शिक्षण कार्य में ही व्यस्त रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बालकों का बौद्धिक विकास करना नहीं है अपितु उसका सर्वांगीण विकास करना है। शिक्षक को हमेशा अपने कर्तव्यों के साथ- साथ बालक के व्यक्तित्व को निखारने का कार्य कर अपनी प्रतिष्ठा को बनाना होगा।

उन्होंने शिक्षकों के अपने आचरण को अच्छा बनाये रखने का आव्हान करते हुए कहा कि उनके व्यक्तिव एवं कृतित्व से संगठन एवं समाज के आगे बढ़ने के साथ-साथ शिक्षकों की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने कहा कि सम्मेलनों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में हुए चिन्तन मनन से आये प्रस्तावों पर संगठनों के साथ सरकारी स्तर पर संवाद होने से शिक्षा के स्तर का विकास हो सकेगा।

जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू ने टीम भावना के साथ आगे बढ़ते हुए कार्य करने का आव्हान करते हुए कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने आचरण के साथ- साथ सक्रियता से शिक्षकों के बीच समय- समय पर प्रवास के माध्यम से सम्पर्क करें तभी नये कार्यकर्ताओं का निर्माण हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक रमेश हर्ष ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों की वर्तमान चुनौतियां सुधार सरकार सरकारी नीतियों के प्रभाव पर मंथन करना है। शिक्षक संगठन दो दिनों में शिक्षक शिक्षार्थी एवं शिक्षा पर चिंतन मंथन करते हुए प्रस्ताव सरकार विभाग तक भेजें ताकि विभाग स्तर पर कार्रवाई हो सके।

जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा किशन दान चारण ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से शिक्षक शिक्षा विभाग में नवाचारों के उत्थान के लिए नए आयामों के साथ कार्य करें तो निश्चित ही राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होने के साथ दशा एवं दिशा में परिवर्तन होगा। विशिष्ठ अतिथि संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था के महत्व को उजागर करने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार मे यह सम्मेलन महत्वपूर्ण बनें इसका आव्हान शिक्षकों से किया।

विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने कहा कि सम्मेलनों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में हुए चिन्तन मनन से आये प्रस्तावों पर संगठनों के साथ सरकारी स्तर पर संवाद होने से शिक्षा के स्तर का विकास हो सकेगा। जिला मंत्री नरेन्द्र आचार्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सम्मेलन संयोजक पवन शर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन अनिल सोनी ने किया।

बीकानेर 26 सितम्बर राजस्थान

## नहर में डूबने से महिला की मौत

**सूरतगढ़,**(कासं)। राजियासर थाना क्षेत्र की इंदिरा गांधी नहर में शुक्रवार को एक महिला की डूबने से मौत हो गई। उसे नहर से बाहर निकालने के बाद सूरतगढ़ के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं और मामले की पड़ताल में जुट गई है। राजियासर थाना के सहायक उप निरीक्षक नूर मोहम्मद ने बताया कि यह घटना आईजीएनपी की आरडी 200 के समीप हुई। नहर के पास से गुजर रहे एक बोलेरो चालक ने महिला को पानी में संघर्ष करते देखा। उसने तुरंत वाहन रोककर शोर मचाया और आसपास के लोगों को बुलाया। खेतों में काम कर रहे कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने महिला को नहर से बाहर निकाला।

बोलेरो चालक उसे तुरंत सूरतगढ़ के ट्रोमा सेंटर ले गया लेकिन अस्पताल पहुंचने तक महिला की मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में स्थानांतरित कर दिया गया। एएसआई नूर मोहम्मद ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही वे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस फिलहाल महिला के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## सार-समाचार

### गरबा महोत्सव में डांडियों की खनक

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में उल्लास और उत्साह के साथ धूमधाम से नवरात्रि उत्सव 'नारी साक्षात शक्ति' मनाया गया। इस आयोजन में गरबा खेलने हेतु अनेक विद्यार्थियों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी और सभी ने पारंपरिक गरबा गीतों पर गरबा खेलते हुए गरबा का आनंद लिया। डांडिया की थाप पर थिरकते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। पारंपरिक संगीत और नृत्य की छटा ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर संकाय सदस्यों ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और विश्वविद्यालय परिवार को एकजुट होकर भारतीय संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया। इस आयोजन में ना केवल विद्यार्थियों को आनंद और उत्साह से भर दिया बल्कि विश्वविद्यालय परिसर को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वातावरण से भी सराबोर कर दिया। इस अवसर पर कुलगुरू प्रोफेसर अखिल रंजन करने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि नवरात्रि भक्ति तथा साधना के मार्ग पर अग्रसर होने के संकल्प का पर्व हैं। यह पर्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं और भारतीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और संस्कृति से भी जुड़ी है। नवरात्रि जैसे पर्व छात्रों को आपसी सहयोग, एकता और उत्साह का संदेश देते हैं।

### करणी औद्योगिक क्षेत्र से नमूने लिए

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत गुरुवार को करणी औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रवण कुमार वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, भानु प्रताप सिंह एवं राकेश गोदारा ने मैसर्स रामजी फूड्स पर कार्यवाही की। इस दौरान फर्म की दीवारों पर धूल एवं जाले लगे हुए थे। कुछ स्थान पर फर्श चिकना हो रखा था। उपकरणों पर चिकनाई जमी हुई थी। पक्षियों को रोकने के लिए कर्टेन नहीं लगे हुए थे। पेलेट्स का उपयोग नहीं किया जा रहा था, जिन्हें तुरंत दुरुस्त करने एवं साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए। कार्यवाही के दौरान रसगुल्ला, भुजिया एवं गुलाब जामुन के 3 नमूने लिए गए। जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने नाबालिग बच्चों से लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पीड़ित रामनिवास ने पुलिस को बताया कि 14 सितंबर को शाम 4 बजे वो अपने चाचा के दो नाबालिग लड़कों के साथ मोटरसाइकिल पर बाजार जा रहा था। चक 27 रोड पर प्रेमनगर नहर पुल के पास रूकने पर तीन लोगों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने दोनों नाबालिग भाईयों के गले से काली माता का 4 ग्राम और शिवजी का 3 ग्राम सोने का लॉकेट छीन लिया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के अनुसार शिकायत के बाद मामले की जांच एएसआई रामकुमार को सौंपी गई। पुलिस ने चक 2 एपीएम अनूपगढ़ निवासी अंकित और चक 4 एपीएम अनूपगढ़ निवासी विशाल को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ जारी है। तीसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### कन्यादान योजना में 82 हजार मिले

**बीकानेर,** (कासं)। सेवा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को नापासर में आयोजित शहरी सेवा शिविर में महावीर प्रसाद की दो पुत्रियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 82 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की गई। इससे शादी के खर्च से जूझ रहे परिवार को मदद मिली। शिविर में महावीर प्रसाद की व्यथा सुनकर, नगर पालिका नापासर की अधिशाषी अधिकारी अलका बुरडक ने कन्यादान योजनान्तर्गत दोनों पुत्रियों का आवेदन करवाया। संबंधित कार्मिकों को महावीर प्रसाद की पुत्रियों (ममता कुमारी और कौशल्या) को मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत सहायता राशि 82 हजार के भुगतान का आदेश जारी किया गया।

## 'बस-ट्रकों पर लगी एक्सट्रा हैड लाइट हटाएं'

■ सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम निर्णय लिए

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में आईरैड डीआरएम महेश कुमार शर्मा ने बताया कि जयपुर रोड़ पर कट बंद करने से दुर्घटनाओं में कमी आई है। लेकिन बीकानेर में पिछले चार सालों में एक्सीडेंट की संख्या और मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिले में 2021, 22, 23 और 24 में दुर्घटनाओं की संख्या क्रमशः 435, 499, 569, 584 और मरने वालों की संख्या क्रमशः 338, 369, 360, 389 रही है। साथ ही बताया कि जिले में सर्वाधिक दुर्घटनाएं श्रीडूंगरगढ़ में और मरने वालों की संख्या भी सर्वाधिक श्रीडूंगरगढ़ में रही है। उसके बाद नोखा है। शाम 6-9 बजे के बीच सर्वाधिक दुर्घटनाएं होती है। जिला कलेक्टर ने बसों और ट्रकों पर लगी एक्सट्रा हैड लाइट को हटाने को लेकर परिवहन विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीआरएम महेश कुमार शर्मा ने बताया कि पीबीएम अस्पताल के आगे रोड़ कट पर भी एक्सीडेंट हो रहे हैं। जिला कलेक्टर ने बीडीए को रोड़ कट बंद करने के निर्देश दिए। डिवाइडर पर कट छोड़ दिया जाएगा ताकि पैदल आने जाने वालों को परेशनी ना हो।

## कबीराज आचार्य को पीएचडी

**बीकानेर,** (कासं)। इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर (ईसीबी) के प्रबंधन अध्ययन विभाग के शोधार्थी कबीराज आचार्य ने पीएचडी शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। उन्होंने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से पीएचडी उपाधि प्राप्त की।

कबीराज आचार्य नेपाल से पीएचडी करने हेतु इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर में आये और अपने शोधकार्य को इसी प्रतिष्ठित संस्थान में सम्पन्न किया। उनके शोध का विषय था 'इम्पैक्ट ऑफ मर्जर एंड एक्विजाशिन्स ऑन ऑर्गनाइज़ेशनल परफॉर्मेंस ऑफ सेलेक्टेड बैंक्स एंड फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स इन नेपाल', जिसमें नेपाल की बैंकों व वित्तीय संस्थानों के विलय एवं अधिग्रहण के बाद उनके संगठनात्मक प्रदर्शन का गहन विश्लेषण किया गया।

## नहर में डूबने से महिला की मौत

**सूरतगढ़,**(कासं)। राजियासर थाना क्षेत्र की इंदिरा गांधी नहर में शुक्रवार को एक महिला की डूबने से मौत हो गई। उसे नहर से बाहर निकालने के बाद सूरतगढ़ के ट्रोमा सेंटर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं और मामले की पड़ताल में जुट गई है। राजियासर थाना के सहायक उप निरीक्षक नूर मोहम्मद ने बताया कि यह घटना आईजीएनपी की आरडी 200 के समीप हुई। नहर के पास से गुजर रहे एक बोलेरो चालक ने महिला को पानी में संघर्ष करते देखा। उसने तुरंत वाहन रोककर शोर मचाया और आसपास के लोगों को बुलाया। खेतों में काम कर रहे कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्होंने महिला को नहर से बाहर निकाला। बोलेरो चालक उसे तुरंत सूरतगढ़ के ट्रोमा सेंटर ले गया लेकिन अस्पताल पहुंचने तक महिला की मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में स्थानांतरित कर दिया गया। एएसआई नूर मोहम्मद ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही वे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस फिलहाल महिला के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम mohammed sadaam मेरे पिता का नाम mohammed ayub ओर मेरी माता का नाम najma bano अंकित था। जब कि मैंने अपना नाम बदलकर मेरा नाम mohammed saddam bhati पिता का नाम mohammed ayub bhati माता का नामnazma bono bhati रख लिया है। मेरे पासपोर्ट में यही नाम अंकित किया जाये व मेरे पासपोर्ट में मेरे माता पिता के नाम में संशोधन किया जाये। भविष्य में सभी प्रयोजनों के लिए इसी नाम से जाने पहचाने जाये। पता:-
HAMALO KI BARI KE BAHAR, BEHIND MODI KHATRI BAGICHI BIKANER( RAJASTHAN) 334001
date:25.09.2025

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/1288 **विज्ञप्ति** दिनांक : 26.09.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 08 के किला नं. 6, 15 में भूखण्ड माप 30'-0'' X 50'-0'' Feet का आवासीय पट्टा संख्या 5171 दिनांक 05.10.2007 एवं चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 08 के किला नं. 6 में भूखण्ड माप 30'-0'' X 50'-0'' Feet का आवासीय पट्टा संख्या 5176 दिनांक 05.10.2007 द्वारा श्री विजय कुमार पुत्र श्री चिरंजीलाल व श्री कपिल बंसल पुत्र श्री विजय कुमार निवासी श्रीगंगानगर (राज.) के नाम से जारी है। उक्त दोनों आवासीय भूखण्डों का नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त यथाकुल भूखण्ड माप 60'-0'' X 50'-0'' Feet का न्यास आदेश क्रमांक नियोजन/2025/1240-1241 दिनांक 17.09.2025 द्वारा श्री अनिल बंसल पुत्र श्री लेखराज बंसल निवासी मकान नं. ए-01 अम्बिका सिटी, श्रीगंगानगर के नाम से पुनर्गठन आदेश जारी है। चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 08 के किला नं. 06 में भूखण्ड माप 20'-0'' X 40'-0'' Feet का व्यावसायिक पट्टा संख्या 4752 दिनांक 08.08.2007 एवं चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 08 के किला नं. 06 में भूखण्ड माप 20'-0'' X 40'-0'' Feet का व्यावसायिक पट्टा संख्या 4739 दिनांक 08.08.2007 एवं चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 08 के किला नं. 06 में भूखण्ड माप 20'-0'' X 40'-0'' Feet का व्यावसायिक पट्टा संख्या 4740 दिनांक 08.08.2007 द्वारा तीनों भूखण्डों का श्री सत्यपाल बंसल पुत्र श्री चिरंजीलाल के नाम से व्यावसायिक पट्टे जारी है। उक्त तीनों व्यावसायिक भूखण्डों का नियमानुसार कार्यवाही उपरान्त यथाकुल भूखण्ड माप 60'-0'' X 40'-0'' Feet का न्यास आदेश क्रमांक नियोजन/2025/1250-1251 दिनांक 17.09.2025 द्वारा श्री अनिल बंसल पुत्र श्री लेखराज बंसल निवासी मकान नं. ए-01 अम्बिका सिटी, श्रीगंगानगर के नाम से पुनर्गठन आदेश जारी है। आवेदक द्वारा उपरोक्त वर्णितानुसार पुनर्गठित आवासीय भूखण्ड माप 60'-0'' X 50'-0'' Feet के साथ चिपते व्यावसायिक पुनर्गठित भूखण्ड माप 60'-0'' X 40'-0'' Feet के साथ पुनः पुनर्गठन करते हुये यथाकुल भूखण्ड माप 60'-0'' X 90'-0'' Feet का वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रश्नगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित आवासीय भूखण्ड माप 60'-0'' X 50'-0'' Feet का व्यावसायिक भूखण्ड के साथ पुनर्गठन की शर्त पर आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4389 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.09.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 43/55 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या का माप 20 गुणा 50'0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री कमल जीत सिंह पुत्र श्री सुरजीत सिंह निवासी गुरू राम दास गुरूद्वारा मकान नं. 59, गली नं. 09 सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री कमल जीत सिंह पुत्र श्री सुरजीत सिंह निवासी गुरू राम दास गुरूद्वारा मकान नं. 59, गली नं. 09 सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 43/55 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या का माप 20 गुणा 50'0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

**- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/4390 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.9.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रवेश बंसल पत्नी श्री कपिल बंसल निवासी म.नं. 33-34, गांधी नगर, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित व्यावसायिक भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 02 किला नं. 02 भूखंड माप 12841 वर्गगज भू.सं. एसपीएल 1, 7, 8, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 1548 दि. 8.1.2013 व पट्टा सं. 3548 दि. 2.6.2014 को श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री नत्थूराम के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में नामान्तरण उपरांत राहुल सिंदल पुत्र श्री प्रेम कुमार के नाम रिकार्ड में दर्ज है। | श्रीमती प्रवेश बंसल द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.3.2025 व 17.3.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती प्रवेश बंसल पत्नी श्री कपिल बंसल निवासी म.नं. 33-34, गांधी नगर, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/763 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**बीकानेर नगर निगम**
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक / निर्माण / 2025-26 / 16257 दिनांक 19.09.2025

**अल्पकालीन ई- निविदा-सूचना सं0 107/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 27.83 लाख
UBN Number DLB2526WSOB19408
राज.संवाद / सी / 25 / 10887 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर

**कार्यालय ग्राम पंचायत , जेगला , पं.स.पांचू ( बीकानेर )**
क्रमांक-62 दिनांक:24.9.25

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

ग्राम पंचायत जेगला (पंचायत समिति पांचू) में स्वीकृत कार्यों के सम्पादन हेतु सक्षम स्तर/ राजकीय विभाग से तथा वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी में पंजीकृत फर्मों/ व्यक्तियों से दिनांक 2.10.2025 को सांय 06.00 बजे तक ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर (DSC) के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्य एवं निविदा संबंधी विस्तृत विवरण कार्यालय ग्राम पंचायत जेगला एवं http://sppp.rajasthan.in http://eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है।
UBN NO.PKF2526WSO B00203

सुमित्रा
प्रशासक ग्राम पंचायत जेगला
पं.द.ग्राम पंचायत जेगला पं.सं. पांचू

## पटाखा व्यवसायियों को 12 साल से मार्केट की तलाश

■ शिवबाड़ी में मार्केट के लिए 90 भूखंड तय किए गए जिनमें से 38 की निर्धारित राशि जमा करा दी, लेकिन आज तक कब्जा नहीं दिया

**बीकानेर,** (कासं)। सुरक्षा की दृष्टि से पटाखा व्यवसायियों के लिए शहर से दूर मार्केट बनाकर उन्हें भूखंड देने की योजना 12 साल बाद भी सिरे नहीं चढ़ पाई है। शिवबाड़ी में मार्केट के लिए 90 भूखंड तय किए गए जिनमें से 38 की निर्धारित राशि जमा करा दी, लेकिन आज तक कब्जा नहीं दिया गया। अब नई जगह की तलाश की जा रही है।

शहर में पटाखों की दुकानों से हादसे की आशंका, आगजनी की घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से वर्ष, 13 में शिवबाड़ी में आतिशबाजी मार्केट की योजना बनाई गई। उस समय यूआईटी ने वहां 10 बाई 10 और 10 बाई 20 साइज की दुकानों के लिए 90 भूखंड तय कर दिए। छोटे साइज के 50,000 रु. और बड़े साइज के एक लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई। इन भूखंडों के लिए 38 व्यवसायियों ने राशि भी जमा करा दी, लेकिन आज तक पटाखा व्यवसायियों को भूखंड आबंटित नहीं किए जा सके। बताया जा रहा है कि शिवबाड़ी में जमीन पर कोर्ट स्टे के कारण आतिशबाजी मार्केट की योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। अब प्रशासन ने नए सिरे से मशक्कत शुरू की है जिसका जिम्मा बीडीए को सौंपा गया है। आतिशबाजी मार्केट के लिए जगह तलाश की जा रही है। जोड़बीड़, घड़सीसर पुल से जोधपुर बाइपास की ओर जाने वाली रोड और करमीसर से बच्छासर की तरफ जगह चिन्हित की गई है जिससे कि पटाखा व्यवसायियों को स्थाई रूप से वहां शिफ्ट किया जा सके। जमीन तय करने और मार्केट में दुकानों का निर्माण होने में समय लगेगा। इसलिए तय है कि इस साल भी पिछले सालों की तरह ही अस्थाई दुकानों का लाइसेंस जारी किए जायेंगे जिसकी प्रक्रिया चल रही है और आवेदन लिए जा चुके हैं।

विरेन्द्र किराडू सचिव फायर वर्कर्स एसोसिएशन ने बताया कि आतिशबाजी मार्केट के लिए वर्ष 2013 में शिवबाड़ी में भूखंड दिए जाने थे। लेकिन उस समय आचार संहिता आड़े आई और बाद में योजना ठंडे बस्ते में डाल दी गई।

## मशीन खराब, आंखों के ऑपरेशन अटके

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला अस्पताल में बीते 11 दिनों से आंखों के ऑपरेशन रूके हुए हैं। इसकी वजह यह है कि आंखों की जांच की मशीन का प्रोब अचानक खराब हो गया था। यह प्रोब उस मशीन का हिस्सा होता है, जिससे ऑपरेशन से पहले यह देखा जाता है कि मरीज की आंख कितनी कमजोर है और उसे कितने नंबर का लैंस ऑपरेशन में लगाया जायेगा।

इसको ठीक करने के लिए राज्य सरकार की ओर से अनुबंधित कंपनी के पास भिजवाया हुआ है। लेकिन अभी कम से कम तीन से चार दिन का समय वापस आने में लग सकता है। इस कारण अब आंखों के सभी ऑपरेशन आगे खिसकाए जा रहे हैं। हालांकि ओपीडी निरंतर जारी है। हर रोज मरीज आंखों की जांच को आ रहे हैं और इनको ऑपरेशन के लिए तारीख भी दी जा रही है। इनको ऑपरेशन के लिए फोन करके बुलाने का कहा जा रहा है। हालांकि इन दिनों खेतों में काम शुरू हो जाने के कारण नेत्र विभाग की अब दैनिक ओपीडी भी मई से जुलाई माह के मुकाबले कम है।

मेडिकल कॉलेज के आई यूनिट की हैड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ इंद्रा डांडलिया ने बताया कि आंखों के ऑपरेशन से पहले यह तय करना होता है कि मरीज को कितने नंबर का लैंस लगाया जाना है। इस लैंस का नंबर पता करने को मरीज की आंख की जिस मशीन से जांच की जाती है, वह जिला अस्पताल में एक ही है। काफी महंगी होने के कारण ज्यादा मशीन खरीदने की दिक्कतें रहती हैं। इस मशीन में लैंस का नंबर बताने के लिए प्रोब होता है जो बीते 10-11 दिन पहले अचानक खराब हो गया था। इस कारण सभी ऑपरेशन रोकने पड़े। अभी आई डिपार्टमेंट में चार सर्जन हैं। इनमें से एक मेटरनिटी लीव पर हैं। तीनों सर्जन के पास औसतन 20 से 30 मरीजों की सर्जरी की बुकिंग है। जैसे ही प्रोब मिल जायेगा तो सर्जरी शुरू हो जायेगी।



